आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 30.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— रमेन डेका कल छत्तीसगढ़ के दसवें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे—छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा दिलाएंगे शपथ।

2— छत्तीसगढ़ के निवर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज दी गई भावभीनी विदाई।

3— कबीरधाम जिले में आज दो इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण—बीजापुर जिले से चार माओवादी गिरफ्तार।

4— मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में फिर से बढ़ोत्तरी होने की संभावना जताई है।

रमेन डेका—राज्यपाल शपथ

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा कल सुबह राजभवन में छत्तीसगढ़ के नये राज्यपाल रमेन डेका को छत्तीसगढ़ के दसवें राज्यपाल के रूप में शपथ दिलाएंगे। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इससे पहले, रमेन डेका आज शाम विशेष विमान से रायपुर पहुंचे। रायपुर के स्टेट हेंगर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नये राज्यपाल का स्वागत किया।

छतीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुति के बीच राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने राज्यपाल का अभिवादन किया। इस मौके पर स्टेट हेंगर पर मनोनीत राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद वे राजभवन पहुंचे, जहां राजभवन सचिवालय के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

निवर्तमान राज्यपाल—विदाई

छत्तीसगढ़ के निवर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। इसके बाद वे भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन भी उपस्थित थी। राज्यपाल के प्रस्थान से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री हरिचंदन का अभिवादन किया।

अपने संबोधन में श्री हरिचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों का मुझे बहुत स्नेह मिला। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग बहुत सरल और स्नेही हैं और यह राज्य प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि निवर्तमान राज्यपाल श्री हरिचंदन के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। उन्होंने अपने संवैधानिक दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया।

विदाई समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद थे।

मनु/सरबजोत—कांस्य पदक

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने आज पेरिस ओलिंपिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। दक्षिण कोरिया के 'ओह ये जिन' और 'ली वोन्हो' से सोलह—दस के अंतर से जीतकर मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। मनु भाकर ने बीते रविवार को दस मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पेरिस ओलंपिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है।

ट्रेन हादसा

झारखंड में आज सुबह हावड़ा—मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टाटानगर के पास चक्रधरपुर में इस ट्रेन के अट्ठारह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई। जबकि, कई अन्य यात्री घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा चक्रधरपुर डिवीजन के पोटो बेड़ा गांव के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई है।

हादसे के कारण रायपुर रेलमंडल से गुजरने वाली शालीमार–लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस और टाटानगर–इतवारी एक्सप्रेस को टाटानगर–बिलासपुर के बीच रद्द कर दिया गया है। वहीं, लगभग पंद्रह ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त किया गया है।

मुंशी प्रेमचंद जयंती–समारोह

सुप्रसिद्ध हिन्दी कहानीकार मुंशी प्रेमचंद्र की जयंती के अवसर पर कल सुबह ग्यारह बजे नवा रायपुर स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुंशी प्रेमचंद पर व्याख्यान और उनके उपन्यास पर आधारित चलचित्र के गीत, उनकी कहानियों का नाट्य तथा एकल मंचन और प्रश्न मंच का आयोजन होगा। इस समारोह में नेहरू युवा केंद्र संगठन, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय जल आयोग, नगरीय विमानन और सुरक्षा ब्यूरो, एमएसटीसी, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र और अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र से जुड़े अतिथि शामिल होंगे।

अग्निवीर भर्ती रैली

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन चार दिसंबर से बारह दिसंबर के बीच होने की संभावना है। जांजगीर–चांपा के जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के युवाओं को निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण युवा जो निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण में शामिल होना चाहते है, वे अपना पंजीयन सोलह अगस्त तक जिला रोजगार कार्यालय में करा सकते हैं।

वहीं, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के अभ्यर्थी अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए चार अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

माओवादी आत्मसमर्पण/गिरफ्तार

कबीरधाम जिले में आज दो इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी एमएमसी जोन के कान्हा भोरमदेव एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य थे और इनमें से एक माओवादी पर पंद्रह लाख और दूसरे पर दस लाख रुपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों पर मार्ग अवरूद्ध करने, पेड़ काटने और नक्सली बैनर–पोस्टर लगाने सहित कई घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

उधर, बीजापुर जिले में पुलिस ने चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत डीआरजी की टीम गंगालूर थाना क्षेत्र के पीड़िया, मुतवेंडी और अंडरी की ओर निकली थी। इसी दौरान पुलिस ने अंडरी से इन माओवादियों को गिरफ्तार किया।

वहीं, इसी जिले के कुटरु–बैटरी मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी को सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय कर दिया।

संदीप साहू–निलंबन कार्रवाई

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने रायपुर स्थित एकलव्य खेलकूद प्रकल्प परिसर, छात्रावास भवन और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन कार्यपालन अभियंता संदीप साहू को निलंबित कर दिया है। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के प्रभारी उपायुक्त के पद पर कार्यरत् थे। पद पर रहते हुए संदीप साहू द्वारा तैयार किए गए प्रारंभिक अनुमानों और वर्ष दो हजार बाईस को स्वीकृत अनुमानों में विसंगतियां पाई गई। इन अनुमानों के आधार पर ही टेंडर स्वीकृत हुआ था। लेकिन, निर्माण कार्य के लिए जब अधिक बजट की आवश्यकता हुई तो अतिरिक्त धनराशि के अनुमोदन के लिए उन्होंने गलत जानकारी दी। इस पर संज्ञान लेते हुए वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने प्रकरण की जांच के लिए आयुक्त कुंदन कुमार को आदेश दिए। जांच में दोषी पाए जाने पर संदीप साहू के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई।

कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन–हड़ताल

छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। आंदोलन की जानकारी फेडरेशन ने मुख्य सचिव को भी दे दी है। फेडरेशन छह अगस्त को मशाल रैली से आंदोलन की शुरूआत करेगा। वहीं, सत्ताईस सितंबर को सामूहिक अवकाश और कलम बंद–काम बंद हड़ताल शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता, महंगाई

भत्ते का लंबित एरियर्स, कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतन, केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता और दो सौ चालीस दिन के स्थान पर अर्जित अवकाश को तीन सौ दिन करने की मांग की है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन का समर्थन करने का निर्णय लिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा और प्रवक्ता बालमुकुंद तंबोली ने बताया कि छह अगस्त को आयोजित मशाल रैली में संचालनालय में पदस्थ सभी राजपत्रित अधिकारी शामिल होंगे।

## मौसम

प्रदेश में कल से तीन अगस्त तक वर्षा की गतिविधियों में फिर से बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण–पूर्व मध्यप्रदेश और उसके आसपास एक चक्रवात बन रहा है। इसके असर से प्रदेश में व्यापक वर्षा होने के आसार हैं। वहीं, एक मानसून द्रोणिका जैसलमेर से बालासोर होते हुए उत्तर–पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। इसके कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ में गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

इस बीच, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार अब तक प्रदेश में पांच सौ इंक्यावन मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीजापुर जिले में सबसे अधिक एक हजार तीन सौ पच्चीस मिलीमीटर और सरगुजा जिले में सबसे कम दो सौ पांच मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

– राज्य शासन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बाईस अधिकारी–कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया है।

– नीति आयोग द्वारा दुर्ग जिले के बी.आई.टी. ऑडिटोरियम में ग्यारह अगस्त को अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस का "संभाग स्तरीय संवाद कार्यक्रम" आयोजित किया जाएगा।

– कोंडागांव जिले में सोलर स्ट्रीट लाइट के नाम पर फर्जी वर्क ऑर्डर तैयार करने वाले कांग्रेस नेता गजेंद्र राठौर और करारोपण अधिकारी इन्द्र कुमार ध्रुव को गिरफ्तार किया गया है।

– बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत अलखडीहा के जंगल मे साल पेड़ की अवैध कटाई करने के आरोप में वन विभाग ने आठ लोगों पर कार्रवाई की है।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के रटगा गांव में एक दंपत्ति पर भालूओं ने हमला कर दिया। इस हमले में पति–पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मरवाही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

– कोरबा जिले में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार बारह छात्र घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>